दिनांकः 21.09.2024 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा–सरकार का लक्ष्य औद्योगिक विकास और निवेश को बढ़ावा देना। राइजिंग राजस्थान समिट को लेकर सेवानिवृत्त आईएएस और आईपीएस अधिकारियों के साथ की चर्चा।
- विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा–नई शिक्षा नीति राष्ट्र को विकास के पथ पर आगे बढ़ाएगी।
- जयपुर आयुक्तालय के 23 थाना अधिकारी सहित 32 पुलिस निरीक्षकों के तबादले।
- स्वच्छता ही सेवा अभियान के दौरान प्रदेश में सफाई जागरुकता कार्यक्रम–जयपुर में पुलिसकर्मियों ने किया श्रमदान।

......................

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि राज्य सरकार का लक्ष्य प्रदेश में औद्योगिक विकास और निवेश को बढ़ावा देने के लिए बेहतर अवसरों का निर्माण करना है। इसके तहत प्रदेश में 'राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेन्ट समिट' का आयोजन किया जा रहा है। इस समिट के माध्यम से निवेश के साथ ही रोजगार के अवसरों में बढोतरी हो सकेगी और प्रदेश अग्रणी राज्य बनेगा।
श्री शर्मा कल मुख्यमंत्री निवास पर समिट को लेकर भारतीय प्रशासनिक सेवा और भारतीय पुलिस सेवा के सेवानिवृत्त अधिकारियों के साथ चर्चा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक अधिकारियों को सेवा–काल के दौरान लोक सेवक के रूप में विभिन्न क्षेत्रों का अनुभव प्राप्त होता है। इनके अनुभवों के आधार पर प्राप्त महत्वपूर्ण सुझाव प्रदेश में निवेश को बढ़ाने में निर्णायक साबित होंगे।
गौरतलब है कि 9 से 11 दिसम्बर तक जयपुर में होने वाली इस समिट में देश–विदेश के प्रसिद्ध उद्योगपति, औद्योगिक समूह, विभिन्न देशों के व्यापारिक और राजनीतिक प्रतिनिधि मंडल शामिल होंगे। इस समिट की पूर्व गतिविधियों के रूप में अंतरराष्ट्रीय रोडशो, सम्मेलन, राउंडटेबल्स मीटिंग तथा विभागों के साथ प्री–समिट आयोजित की जा रही हैं।
बैठक में मुख्य सचिव सुधांश पंत, अतिरिक्त मुख्य सचिव शिखर अग्रवाल, प्रमुख शासन सचिव आलोक गुप्ता और उद्योग विभाग के प्रमुख शासन सचिव अजिताभ शर्मा सहित विभाग के उच्च अधिकारी मौजूद रहे।

......................

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा है कि नई शिक्षा नीति राष्ट्र को सही अर्थों में विकास के पथ पर आगे बढ़ाएगी। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति सच्चे अर्थों में भारतीय जनमानस, नई विद्या पद्धतियों और विपुल भारतीय ज्ञान पद्धति का प्रतिनिधित्व करती है। श्री देवनानी कल अजमेर के महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय में ''राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन में शिक्षण संस्थानों की भूमिका'' विषय पर आयोजित कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर उन्होंने कहा कि शिक्षा नीति 2020 के क्रियान्वयन से भारतीय ज्ञान परम्परा का पुनर्स्थापन होगा और राष्ट्रीय पुनरूत्थान के लिए भारत को ''द ट्रेज़री ऑफ नॉलेज'' के रूप में स्थापित किया जाएगा।

......................

आम आदमी पार्टी की वरिष्ठ नेता आतिशी आज दिल्ली की मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेंगी। शपथ ग्रहण समारोह राज निवास में होगा, जहां दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना आतिशी और उनके मंत्रिपरिषद के सदस्यों को शपथ दिलाएंगे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शपथ ग्रहण की तारीख से आम आदमी पार्टी की वरिष्ठ नेता आतिशी को दिल्ली का मुख्यमंत्री नियुक्त किया है। राष्ट्रपति ने पांच मंत्रियों की नियुक्ति को भी मंजूरी दी है। सुश्री आतिशी कांग्रेस की शीला दीक्षित और भाजपा की सुषमा स्वराज के बाद दिल्ली की तीसरी महिला मुख्यमंत्री होंगी।

.......................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के तीसरे कार्यकाल में पहले सौ दिनों में किये गये महत्वपूर्ण कामों के बारे में जानकारी देने के लिए आकाशवाणी जयपुर के प्रादेशिक समाचार बुलेटिनों में विशेष श्रृंखला चलाई जा रही है। आज हम आपको नए भारत के इन्फ्रास्ट्रक्चर खड़ा करने के लिए सरकार द्वारा किये गये प्रयासों के बारे में बता रहे हैं।

.......................

राज्य सरकार ने राजधानी जयपुर के आयुक्तालय क्षेत्र में बड़ा बदलाव किया है। यहां 32 पुलिस निरीक्षकों के तबादले किये गये हैं, जिनमें 23 थानाधिकारी शामिल हैं। जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने कल देर रात इस संबंध में आदेश जारी किये। आदेश के अनुसार आदर्श नगर, मालवीय नगर, बजाज नगर, जवाहर नगर, शास्त्री नगर, गांधी नगर, जालुपुरा, सुभाष चौक, रामगंज, विधायकपुरी, श्याम नगर, करधनी, भांकरोटा, सांगानेर सदर थाने सहित कई थानों के अधिकारियों को बदला गया है।

.......................

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो–एसीबी की टीम ने देवस्थान विभाग में सहायक आयुक्त कृष्ण कुमार खण्डेलवाल को 3 लाख 60 हजार रुपये की संदिग्ध राशि के साथ गिरफ्तार किया है। एसीबी ने कल भरतपुर के लुधावई टोल प्लाजा पर इस कार्रवाई को अंजाम दिया। ब्यूरो के महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि कृष्ण कुमार अपने अधीनस्थ कार्यालयों से अवैध वसूली कर भरतपुर से जयपुर आ रहे थे। इसी दौरान टीम ने ये कार्रवाई की।

.......................

जोधपुर में कपड़ा और स्टील उद्योग से निकलने वाले प्रदूषित पानी को साफ करने के लिए आईआईटी जोधपुर ने शोध किया है। इसके तहत नई प्लाज्मा टेक्नोलॉजी से पानी को दोबारा काम में लिया जा सकेगा। हमारे संवाददाता ने बताया कि रिसर्च फाउंडेशन और जोधपुर आईआईटी के बीच इस संबंध में एमओयू हुआ है। आने वाले छह महीनों में इस शोध के परिणाम सामने आएंगे।

.......................

प्रदेश में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत रोजाना कई गतिविधियां हो रही हैं। इसी कडी में राजधानी जयपुर में आज सिंधी कैम्प बस स्टेंड से चांदपोल रिजर्व पुलिस लाइन तक पुलिसकर्मियों ने श्रमदान कर लोगों को शहर को साफ–सुथरा रखने के लिए प्रेरित किया। नीमकाथाना में कल नगर परिषद की ओर से मैराथन दौड़ आयोजित की गई। दौड़ को जिला कलेक्टर शरद मेहरा ने रामलीला मैदान से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मैराथन में लगभग तीन हजार लोगों ने भाग लिया। इस दौरान विधायक सुरेश मोदी ने लोगों को स्वच्छता की शपथ दिलाई।

कोटा में अभियान के तहत रेलवे स्टेडियम में कैरम, शतरंज और टेबल टेनिस प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। रेल मंडल की ओर से खेलकूद का आयोजन स्वच्छ भारत मिशन के उद्देश्यों को पूरा करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। मंडल की ओर से युवा रेलकर्मियों को स्वच्छता के महत्व और स्वस्थ जीवन शैली को अपनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

.......................

जम्मू–कश्मीर में कल सेना के एक वाहन के गहरी खाई में गिरने से धौलपुर निवासी जवान रामकिशोर बघेल की मृत्यु हो गई। रामकिशोर जिले के राजाखेडा इलाके के रहने वाले हैं। पंजाब के पठानकोट इलाके से सेना के मूवमेंट के जरिए जवान जम्मू–कश्मीर के मछेड़ी जा रहे थे। तभी कठुआ इलाके में यह हादसा हुआ। हादसे में सात अन्य जवान जख्मी हुए हैं, जिनका पंजाब में सेना के बेस अस्पताल में उपचार किया जा रहा है।

.......................